न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त–01 तहसील हुजूर भोपाल

क्रमांक 604 /रीडर–1/2025 भोपाल दिनांक 6/05/2025

प्रति,

शाखा प्रबंधक ,
मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक ,
मुख्य शाखा टी0टी0 नगर भोपाल ,

विषयः–मेसर्स त्रिकुटा कोल्ड स्टोरेज के ऋण प्रकरण की आर0आर0 सी के तहत नीलामी की की कार्यवाही के सम्बंध में ।

संदर्भ :–नीलामी कार्यवाही दिनांक 22.4.2025

उपरोक्त विषयांकित संदर्भित पत्र में लेख है किं दिनांक 22.04.2025 को तहसील हुजूर भोपाल के कार्यालय में बकायादार मेसर्स त्रिकुटा कोल्ड स्टोरेज प्रायवेट लिमिटेड संचालक अभिषेक पोरवाल पिता राजेशस पोरवाल निवासी ई–7/648 अरेरा कालोनी भोपाल कीभूमि स्थित ग्राम बरखेडा बोदर के खसरा क्रमांक 559/51 रकबा 0.7190 हे0 पर ऋण की बकाया वसूली राशि हेतु भूमि की नीलामी हेतु दोपहर 2.00 बजे से न्यायालयीन समय 5.30 बजे तक तहसीलदार श्री अनुराग त्रिपाठी , श्री राकेश पिप्पल नायब तहसीलदार , वृत्त–1 तथा आपेक्स बैंक की और से यादवज ी व अन्य स्टाफ के साथ निर्धारित नीलामी की कार्यवाही हेतु उपस्थित रहे परंतु न्यायालयीन समय में कोई भी बोलीदार उपस्थित नहीं हुआ, कोई बोलीदार उपस्थित नहीं होने के कारण यह निर्णय लिया गया कि अब आगामी तिथी का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में कराया जाकर नीलामी की आगामी कार्यवाही दिनांक 22.5.2025 निश्चित की गई है ।

कृपया सूचित होंवे ।

नायब तहसीलदार ,
तहसील हुजूर भोपाल

# न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार वृत्त 01 तहसील–हुजूर जिला भोपाल (म.प्र.)

क्रमांक/ 604 /रीडर/2025 भोपाल दिनांक 06/05/2025

{नियम 6 देखिए}

**खाते के विक्रय की उदघोषणा**

**(मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 की धारा 147 (ख) के अधीन)**

क्योंकि नीचे निर्देशित खाता को मेसर्स त्रिकुटा कोल्ड स्टोरेज प्राईवेट लिमिटेड संचालक श्री अभिषेक पोरवाल पिता श्री रजेश पोरवाल निवासी ई–7/648 अरेरा कालोनी, जिला भोपाल म0प्र0 पर देय स्तंभ (5) में निर्देशित भू–राजस्व के बकाया और आदेशिका के शुल्क के लेखे में **रूपये 6,48,55,848/– (छ करोड़ अडतालीस लाख पचपन हजार आड सौ अडातालीस रूपये मात्र)** एतदद्वारा उदघोषणा की जाती है कि यदि इसमें विक्रय के हेतु नियत दिनांक से पूर्व देय राशि का भुगतान तहसीलदार को नहीं कर दिया जाता है तो उक्त खाते (तों) का विक्रय स्थान तहसील हुजूर पर पुनः दि. 22/5/2025 को **दोपहर 02:00 बजे** या उस समय के लगभग उस (उन) पर रोपित समस्त भारों से तथा उस (उन) के बारे में किए गए समस्त अनुदानों एवं संविदाओं से मुक्त रूप में नीलामी द्वारा कर दिया जाएगा।

| गॉव | खाता अंक | क्षेत्रफल | निर्धारण न्यूतम मूल्य | बकाया |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 |
| बरखेड़ा बोदर | 559/51 | 0.7190हे0 | 6,48,55,848/– | **38,29,86,179/–** |

टिप्पणीः–

(क) प्रत्येक खाते पर बकाया भू–राजस्व स्तंभ (5) में पृथक रूप से दिखलाया जाना आवश्यक है।

(ख) यदि किसी खाते में एक से अधिक सर्वेक्षण संख्यांक/भू–खंडाक या उपखंड अतिर्विष्ट हो तो, विक्रय का संचालन करने वाले अधिकारी को ऐसे अंको में से एक या अधिक का, जैसा बकाया की वसूली की हेतु आवश्यक समझा जाए, हेतु आवश्यक समझा जाए, विक्रय करने की छूट होगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं इस कार्यालय की मुद्रा के अंतर्गत आज दिनांक 06/05/25 को जारी किया गया है।

दिनांकः– 06/05/25

अतिरिक्त तहसीलदार
तहसील हुजूर, भोपाल